प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

30.09.2025/प्रादेशिक समाचार/18.00बजे

## मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज शिमला से 6 मोबाइल फोरेंसिक वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। हर वाहन की कीमत 65 लाख रूपए है, जो अत्याधुनिक तकनीक से लैस है। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि अत्याधुनिक तकनीक से सुसज्जित ये वाहन घटना स्थल पर ही साक्ष्य जुटाने, उनका विश्लेषण करने और अपराधों की प्रारंभिक जांच को तेज व अधिक सटीक बनाने में पुलिस को महत्वपूर्ण सहयोग देंगे। इन वाहनों का उपयोग जांच कर्ताओं द्वारा आपराधिक स्थल पर साक्ष्य इकट्ठा करने के लिए किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने सीमेंट पर किसी तरह का कोई टैक्स नहीं लगाया है और विपक्ष बेवजह इस मुद्दे पर राजनीति कर रहा है।

## जीएसटी– निर्माण सामग्री

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा घोषित वस्तु और सेवा कर बचत उत्सव 22 सितम्बर को शुरू हुआ और यह समाज के सभी वर्गों को लाभान्वित कर रहा है। अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार भारत की अप्रत्यक्ष कर प्रणाली को सरल बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं। ये सुधार विभिन्न वस्तुओं और सेवाओं पर कर की दर कम करके नागरिकों को पर्याप्त लाभ प्रदान कर रहे हैं।

## विक्रमादित्य

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा है कि राज्य सरकार ने शिमला ज़िला के रामपुर उपमंडल में सड़कों के निर्माण व डंगों के लिए 17 करोड़ रूपये की राशि स्वीकृत की है। रामपुर विधानसभा क्षेत्र के अपने दो दिवसीय दौरे के दौरान आज तकलेच में बाढ़ प्रभावित सड़कों के निरीक्षण करते हुए उन्होंने ये बात कही। उन्होंने कहा कि मलबे की डम्पिंग सही जगह की जानी चाहिए ताकि पर्यावरण को कोई

नुकसान न हो। बाद में विक्रमादित्य सिंह ने झाकड़ी में एक जिम के उद्घाटन अवसर पर युवाओं से नशे से दूर रहने का आह्वान किया।

**भाजपा**

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने ज़मीन बचाओ–मकान बचाओ समिति का गठन किया है। पार्टी के वरिष्ठ प्रवक्ता व विधायक त्रिलोक जम्वाल को इस समिति का संयोजक, बिहारी लाल शर्मा को सचिव जबकि सुधीर शर्मा, राकेश जम्वाल व बलवीर वर्मा को सदस्य नियुक्त किया गया है। ये जानकारी देते हुए विधायक सुधीर शर्मा ने कहा कि प्रदेशभर के दिहाड़ीदार मज़दूर और किसान जो कई पीढ़ियों से सरकार द्वारा दी गई भूमि पर रह रहे हैं, आज प्रदेश सरकार के ढुलमुल रवैये के कारण फिर से बेघर होने के कगार पर हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा हर मोर्चे पर इनकी लड़ाई लड़ेगी।

**तहबाज़ारी**

रेहड़ी–फहड़ी तह–बाज़ारी यूनियन ने सीटू के बेनर तले अपनी मांगों को लेकर आज शिमला में प्रदर्शन किया। इस मौके पर सीटू के प्रदेशाध्यक्ष विजेंद्र मेहरा ने नगर निगम शिमला पर गैर–कानूनी तरीके से तह–बाज़ारियों को उजाड़ने के आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि नगर–निगम स्ट्रीट वेंडर्स एक्ट की अवहेलना कर रहा है।